**समुद्र की लहरों से विद्युत उत्पादन**

2816. **श्री राम जेठमलानी :**
**श्री राम नरेश यादव :**

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा देश में समुद्र की लहरों से विद्युत उत्पादन करने के लिए एक योजना कार्यान्वित की जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो इस योजना की अनुमानित लागत कितनी है और इस योजना के अन्तर्गत विद्युत उत्पादन की लागत कितनी आने की सभावना है; और

(ग) इस योजना को कब तक पूरा किये जाने का विचार है ?

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा महासागर विकास, परमाणु ऊर्जा, इलैक्ट्रानिकी और अंतरिक्ष विभागों में राज्य मंत्री (श्री के० आर० नारायणन)** : (क) जी हां, श्रीमान् ।

(ख) यह योजना तिवेन्द्रम के निकट विझिजम में लगभग 106 लाख रु० की लागत से प्रायोगिक आधार पर आरम्भ की जा रही है । तरंग विद्युत संयत्र द्वारा विद्युत उत्पादन की लागत लगभग 2.20 रु० प्रति किलोवाट/घंटा होगी ।

(ग) इसे 1989 के मध्य तक पूरा किए जाने की आशा है ।

**पाकिस्तान की परमाणु योजनाएं**

2817. **श्री पवन कुमार बांसल**
**श्री मुरलीधर चन्द्रकान्त भंडारे :**

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पाकिस्तान ने इस वर्ष भूमि से भूमि तक मार करने वाले प्रक्षेपास्त्र "किंग हाक" का परीक्षण किया है ;

(ख) यदि हां, तो इससे इस क्षेत्र के सुरक्षा के माहौल पर क्या असर पड़ा है ; और

(ग) पाकिस्तान की परमाणु योजनाओं द्वारा पेश की गई नई चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत की वर्तमान क्षमता क्या है ?

**रक्षा मंत्रालय में रक्षा उत्पादन और पूर्ति विभाग में राज्य मंत्री (श्री चिंतामणि पाणिग्रही)** : (क) से (ग) सरकार ने इस संबंध में मीडिया रिपोर्टें देखी हैं लेकिन उसके पास इस बारे में कोई पक्की सूचना नहीं है । सरकार देश की सुरक्षा पर प्रभाव डालने वाली सभी गतिविधियों की सतत समीक्षा करती है और पर्याप्त रक्षा तैयारी के लिए उपयुक्त उपाय करती है ।

**Defence Factories in M.P.**

2818. THAKUR JAGATPAL SINGH : Will the Minister of DEFENCE be pleased to state •

(a) whether it is a fact that the Defence factories in Madhya Pradesh have not been taking any interest in establishing ancillary industries for the last sixteen years despite the instructions issued by the Ministry in this regard in July, 1971;